बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

वार्षिक माध्यमिक (Matric) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए पटना में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (JEE/NEET) की तैयारी हेतु निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) में नामांकन (Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) की कक्षा 10वीं (X) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी कृपया ध्यान दें

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (JEE/NEET) में प्रवेश हेतु निःशुल्क (Free) शिक्षण (Teaching) कार्यक्रम के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा पटना में निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

2. पूर्व की वर्षों में ऐसा देखा गया है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) से 10वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं द्वारा एक बड़ी संख्या में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के इंटर (+2) कक्षा में नामांकन कराया गया है। इस परिदृश्य में इन बोर्डों से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाना है।

3. इस निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) कार्यक्रम में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 (बी0एस0ई0बी0)/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के 10वीं (X) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

4. इस निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) एवं इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के चयनित उन विद्यार्थियों को इस शर्त्त के साथ इस निःशुल्क आवासीय शिक्षण कार्यक्रम में नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से इंटरमीडिएट विज्ञान +2 वर्ग में अध्ययन के लिए प्रवेश (Admission) के लिए अपनी लिखित घोषणा–सह–सहमति पत्र समर्पित करेंगे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित इंटरमीडिएट विज्ञान +2 वर्ग में नामांकन नहीं लिये जाने पर उनका अभ्यर्थित्व स्वतः रद्द हो जाएगा।

5. समिति द्वारा सफल विद्यार्थियों के निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) कार्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा, साक्षात्कार एवं चयन की व्यवस्था

(i) पूर्व में समिति द्वारा प्रसारित विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 31/2024 दिनांक 26.01.2024 के द्वारा वर्णित निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Free Residential Teaching) कार्यक्रम के तहत नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी (वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी) को समिति की **वेबसाईट coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 26.01.2024 से 08.02.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक** ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई है। सम्प्रति वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के Appearing विद्यार्थियों के लिए इस अवधि को **दिनांक 25.02.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक** विस्तारित किया जाता है, जिसके लिए सौ (100) रूपये ऑनलाईन आवेदन शुल्क देय होगा।

(ii) इस निःशुल्क आवासीय शिक्षण (Teaching) में नामांकन के लिए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के Appearing विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

(iii) नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर छात्र/छात्रा चयन के पात्र होंगे।

6. पटना में निःशुल्क आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Residential Teaching Program) के तहत छात्र/छात्राओं के आवासन एवं पठन–पाठन के संबंध में

(i) यह कार्यक्रम वर्ष 2024 के माह मार्च अथवा अप्रैल से प्रारम्भ किया जाएगा।

(ii) निःशुल्क आवासीय शिक्षण के तहत पठन–पाठन की व्यवस्था **पटना शहर** के चयनित दो स्थानों पर की जाएगी, जहाँ निःशुल्क आवासन एवं भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी।

(iii) इस योजना के तहत चयनित छात्र/छात्राओं को Specialized Teaching के अंतर्गत अनुभवी, कुशल एवं योग्य JEE/NEET Coaching के वैसे Expert Teachers, जिनकी देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों यथा–कोटा, हैदराबाद, दिल्ली, कोलकता या अन्य शहरों में इंजीनियरिंग (JEE) अथवा मेडिकल (NEET) के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाने का अनुभव है, के द्वारा इस शिक्षण (Teaching) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को JEE/NEET के पाठ्यक्रम से संबंधित विषयवार शिक्षण (Teaching) दिया जाएगा।

(iv) इस कार्यक्रम के तहत चयनित छात्र/छात्राओं को समिति की ओर से वर्ग 11वीं एवं 12वीं के पाठ्यक्रम के अनुसार Text Book एवं JEE/NEET के शिक्षण (Teaching) के लिए पाठ्य सामग्री (Free Study Material) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

(v) नामांकित विद्यार्थियों के लिए माह में पाक्षिक (Fortnightly) रूप से दो बार OMR Test या CBT (Computer Based Test) की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी।

(vi) शिक्षण के लिए चयनित विद्यार्थियों का नामांकन समिति द्वारा पटना अवस्थित छात्र/ छात्राओं के लिए निर्दिष्ट विद्यालयों में अलग–अलग कराने की व्यवस्था की जाएगी तथा नामांकन शुल्क का वहन समिति द्वारा किया जाएगा।

7. ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया

समिति द्वारा निरूपित निःशुल्क आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Residential Teaching Program) के तहत बिहार बोर्ड की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के 10th बोर्ड परीक्षा के Appearing विद्यार्थी निम्नांकित प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर सकते हैं :–

URL	coaching.biharboardonline.com
Step-01	Home Page पर दिए गए लिंक Residential Coaching at Patna for NEET/JEE Student Registration पर Click करें। तत्पश्चात् अपने बोर्ड यथा– BSEB/CBSE/ICSE पर जाकर अपनी विवरणी समर्पित करें।
Step-02	यहां पर दिए गए Instructions को ध्यानपूर्वक पढ़कर Accept करें।
Step-03	बिहार बोर्ड वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी Registration Panel पर दिए गए BSEB Unique ID अथवा Roll Code एवं Roll Number डालकर अपना Eligibility Check कर अपना Credential (User ID एवं Password) प्राप्त करें, जो उनके पोर्टल पर प्रदर्शित होगा।
Step-04	CBSE/ICSE परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी Registration Panel पर दिए गए विवरणी की प्रविष्टि कर उसे सबमिट करें। तत्पश्चात् अपना User ID एवं Password प्राप्त करें, जो उनके पोर्टल पर प्रदर्शित होगा।
Step-05	अपने User ID एवं Password के माध्यम से Log-In कर Form Fill-up करें।
Step-06	अपने द्वारा भरे गए Form को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए Save & Preview बटन पर क्लिक करें। इसे ध्यानपूर्वक पढ़े। तत्पश्चात् यदि कोई त्रुटि दिखे तो Edit बटन पर जाकर पुनः सुधार कर उसे Save & Preview करें।
Step-07	Payment Button पर Click कर 100 रूपये का ऑनलाईन भुगतान कर अपना भुगतान Receipt प्राप्त करें।

पी.आर. 51/2024

सचिव

Scanned with CamScanner